नव भारत

इंदौर, सोमवार, 1 दिसम्बर, 2014

मीडियाकर्मियों को दी सायबर अपराधों की जानकारी

पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल के निदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक वरूण कपूर द्वारा ब्लैक रिबन इनीशिएटिव के तहत संचालित ''सहयोग'' अभियान की 71 वीं कार्यशाला का आयोजन निजी चैनल में आयोजित किया गया. इस कार्यशाला में उक्त संस्थान के 39 सदस्यों ने भाग लिया. पुलिस महानिरीक्षक वरूण कपूर द्वारा इस अवसर पर मीडिया के क्षेत्र में कार्य करने वाले सदस्यों को वर्तमान् में घटित होने वाले सायबर अपराधों की जानकारी दी गई. मीडिया में कार्य करने वाले रिपोर्टर आदि बहुतायत में व्हाट्स-अप पर कार्य कर रहे है और आधुनिक संचार उपकरणों का उपयोग भी इन्हें सतत् करना होता है. ऐसे में न चाहते हुए भी सायबर अपराध से पीड़ित हो रहे हैय मीडियो के क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मियों को इंफार्मेशन टैक्नॉलॉजी अधिनियम के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग का सुरक्षित उपयोग करने का तरीका भी बताया गया व सुरक्षित पासवर्ड रखने की जानकारी भी दी गई. श्री कपूर ने जिस प्रकार असली दुनिया में हम जीने के लिये सुरक्षा मानकों को अपनाते हैं, उसी प्रकार इस काल्पनिक दुनिया में सायबर के शिकार होने से कैसे बचा जाए इसकी भी विस्तृत जानकारी दी. संस्थान के सदस्यों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर भी श्री कपूर द्वारा बहुत ही सहजता से देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया ।